प्रेस नोट जनपद खीरी

दिनाँक 26.07.2022

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः—

थाना पलिया पुलिस द्वारा, साइबर ठग गिरोह का किया गया खुलासा, बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं कूटरचित दस्तावेज सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.07.2022 को थाना पलिया पुलिस द्वारा साइबर ठग गिरोह का खुलासा करते हुए मुखबिर की सूचना पर रुपम होटल कस्बा पलिया से साइबर ठग गिरोह के 05 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से बड़ी संख्या में साइबर ठगी में प्रयुक्त होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं कूटरचित दस्तावेज बरामद हुए। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना पलिया पर मु0अ0सं0 420/2022 धारा 419/420/467/468/471/34 भादवि0 में अभियोग पंजीकृत अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1. सलमान उर्फ भानू उर्फ सानू पुत्र शिराज नि0 ग्रा0 बेहननपुरवा थाना पलिया जनपद खीरी
2. मो0 जैद पुत्र वजूल कमर नि0 मो0 नई बस्ती पूर्वी लखपेड़ा थाना मोहम्मदी जनपद खीरी
3. एहतसाम अली उर्फ खुर्शीद पुत्र रियासत अली नि0 नौरंगाबाद मंसूरी मस्जिद के पास थाना को0सदर जनपद खीरी

4. मो0 सैफ उर्फ शीबू पुत्र मो0 रफीक नि0 प्राइमरी स्कूल के पास मंसूरी मो0 नौरंगाबाद थाना को0 सदर जनपद खीरी
5. तौहीद पुत्र शब्बीर नि0 मो0 प्यारेपुर मलेरिया आफिस के पास थाना कोत0सदर जनपद खीरी

बरामदगी का विवरणः-

01 अदद अल्ट्रोस गाड़ी, 01 अदद बुलैट, 25 अदद वन वीसा मैटल कार्ड, 04 अदद वन वीसा कार्ड पैकिंग रैपर, 33 अदद एटीएम कार्ड, 07 अदद आधार कार्ड, 02 अदद ड्राइविंग लाइसेंस, 01 अदद स्कूल आईडी कार्ड, 06 अदद पैन कार्ड, 02 अदद ईश्रम कार्ड, 20 अदद चैक बुक, 04 अदद पासबुक, 09 अदद मोबाइल फोन, 15 अदद चैक बुक रेपर, 04 अदद इण्डस्इंड बैंक पैसा जमा करने की बुकलेट, 23 अदद बीएसएनएल एक्टिवेटेड सिम कार्ड, 30 अदद एयरटेल एक्टिवेटेड सिम कार्ड, 38 अदद वोडा एक्टिवेटेड सिम कार्ड, 02 अदद जियो एक्टिवेटेड सिम कार्ड, 42 अदद वोडा ऩोन-एक्टिवेटेड सिम कार्ड, 05 अदद एयरटेल नोन- एक्टिवेटेड सिम कार्ड, 3600/- रुपये मात्र इण्डियन करेंसी, 25/- रुपये मात्र नेपाली करेंसी, 02 अदद चार्जर मय केबल, 02 अदद स्मार्ट वाच, 02 अदद ब्लूटूथ इयरफोन, 01 अदद पैन, 01 अदद लाइटर, 01 अदद डायरी उपभोगताओं के विवरण सहित

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह, (चौकी प्रभारी कस्बा) थाना पलिया
2. उ0नि0 यू0टी अजीत कुमार मिश्रा
3. का0 परीक्षित सैनी
4. का0 रामदयाल
5. का0 ओम असीम

थाना धौरहरा पुलिस द्वारा, 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.07.2022 को थाना धौरहरा पुलिस द्वारा संबधित केश नं0 3740/2016 धारा 323/504 भादवि0 में 03 नफर वारण्टी अभियुक्तगण 1.संतोष पुत्र प्यारेलाल 2.प्यारेलाल पुत्र द्वारिका 3.श्री प्रकाश पुत्र दारिका निवासीगण ग्राम गौतमपुरवा मजरा अभयपुर थाना धौरहरा जनपद खीरी को गौतमपुर मजरा अभयपुर से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

1.संतोष पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम गौतमपुरवा मजरा अभयपुर थाना धौरहरा जनपद खीरी
2.प्यारेलाल पुत्र द्वारिका निवासी ग्राम गौतमपुरवा मजरा अभयपुर थाना धौरहरा जनपद खीरी
3.श्री प्रकाश पुत्र दारिका निवासी ग्राम गौतमपुरवा मजरा अभयपुर थाना धौरहरा जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 अभिषेक कुमार पाण्डेय, थाना धौरहरा
2. हे.का. शैलेन्द्र कुमार
3.का0 राहुल कुमार
4.का0 संदीप मौर्य
5. का0 रवि कुमार

थाना धौरहरा पुलिस द्वारा, तीन तलाक (मुस्लिम विवाह अधि0) मे वांछित अभियुक्त मोईन पुत्र सगीर को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.07.2022 को थाना धौरहरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 428/2022 धारा 498ए/506 भादवि व 3/ 4 दहेज प्रतिषेध अधि0 व 3/ 4 मुस्लिम विवाह अधि0 2019 में वांछित अभियुक्त मोईन पुत्र सगीर नि0 ग्राम कफारा थाना धौरहरा जनपद खीरी को कफारा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-
मोईन पुत्र सगीर नि0 ग्राम कफारा थाना धौरहरा जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-
1. उ0नि0 अभिषेक कुमार पाण्डेय, थाना धौरहरा
2. का0 अक्षय राणा
3. का0 रवि गंगवार

थाना पलिया पुलिस द्वारा, चोरी की 02 अदद मोटरसाइकिल बरामद कर अभियुक्त गुड्डु पुत्र रामदुलारे गौतम को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम, अपराधियों की गिरफ्तारी एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी पलिया महोदय के कुशल मार्गदर्शन में व प्रभारी निरीक्षक थाना पलिया के नेतृत्व में थाना पलिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनाँक 26.07.2022 को अभियुक्त गुड्डु पुत्र रामदुलारे गौतम को दुधवा तिराहा सम्पूर्णानगर पलिया मार्ग से 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना पलिया पर मु0अ0सं0 421/2022 धारा 41/411/413/414 भादवि0 में अभियोग पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

बरामदगीः-

02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

गुड्डु पुत्र रामदुलारे गौतम नि0 ग्रा0 नगला थाना पलिया जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह, (चौकी प्रभारी कस्बा) थाना पलिया
2. उ0नि0 यू0टी0 अजीत कुमार मिश्रा
3. का0 पवन रावत
4. का0 परीक्षित सैनी
5. का0 अतुल चौरसिया
6. का0 मनीष कुमार
7. का0 ओम असीम यादव

थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, गैंगस्टर एक्ट में वांछित 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.07.2022 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित 02 नफर अभियुक्तों 1.श्रीकृष्ण पुत्र रामदत्त 2.सुभाष पुत्र रामकिशोर उर्फ रामस्वरुप को घरथनिया तिराहे से गिरफ्तार करके अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. श्रीकृष्ण पुत्र रामदत्त निवासी ग्राम बेलाबोझी थाना नीमगांव जनपद खीरी
2. सुभाष पुत्र रामकिशोर उर्फ रामस्वरुप निवासी ग्राम बेलहरी थाना नीमगांव जनपद खीरी

गिरफ्तार वांछित अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहासः-

मु0अ0सं0 115/2022 धारा 392/411 IPC थाना हैदराबाद
मु0अ0सं0 273/2022 धारा 2/3 उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना हैदराबाद

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. निरीक्षक अपराध शशिशेखर यादव, थाना हैदराबाद
2. का0 धीरज यादव

थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, 03 नफर वांछित अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.07.2022 को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 242/2022 धारा 365/376D भा0द0वि0 व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित 03 नफर वांछित अभियुक्त 1.अरविन्द कुमार 2.सर्वेन्द्र कुमार उर्फ हरवेन्द्र 3.आशीष कुमार पुत्र को ग्राम भल्लिया बुजुर्ग तिराहे से गिरफ्तार करके अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

1. अरविन्द कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम ढकवा थाना हैदराबाद जनपद खीरी
2. सर्वेन्द्र कुमार उर्फ हरवेन्द्र पुत्र ढाखन निवासी ग्राम मदारपुर बसही थाना हैदराबाद जनपद खीरी
3. आशीष कुमार पुत्र शत्रोहनलाल निवासी ग्राम मदरापुर बसही थाना हैदराबाद जनपद खीरी

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. प्र0नि0 प्रभातेश कुमार, थाना हैदराबाद
2. उ0नि0 अबलीश कुमार
3. का0 रोमी कुमार
4. का0 नितिन कुमार
5. म0आ0 संगीता रानी

थाना ईसानगर पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त संदीप पुत्र राजू को 01 अदद चोरी के मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.07.2022 को थाना ईसानगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 280/22 धारा 379/411 भादवि0 में वांछित अभियुक्त संदीप पुत्र राजू नि0 महाराज नगर थाना धौरहारा जनपद खीरी को 01 अदद चोरी के मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

संदीप पुत्र राजू नि0 महाराज नगर थाना धौरहारा जनपद खीरी

बरामदगीः-

01 अदद चोरी का मोबाइल

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 राहुल सिंघल, थाना ईसानगर
2. का0 विशेष यादव

थाना मितौली पुलिस द्वारा, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद करके अभियुक्त पीताम्बर पुत्र भगवती प्रसाद को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी मितौली महोदय के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 26.07.2022 को थाना मितौली पुलिस द्वारा गस्त व चेकिंग के दौरान समरसेपुर तिराही मोड़ से अभियुक्त पीताम्बर पुत्र भगवती प्रसाद निवासी समरसेपुर थाना मितौली जनपद खीरी को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना मितौली पर मु0अ0सं0 244/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

पीताम्बर पुत्र भगवती प्रसाद निवासी समरसेपुर थाना मितौली जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 महताब सिंह, थाना मितौली
2. हे0का0 राजकुमार सिंह
3. हे0का0 प्रेमनरायन राजपूत

वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही निम्न कार्यवाही की गई है:-

1. थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 227/22 धारा 354/504 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त ललित गुप्ता पुत्र धनपाल निवासी पुरानी बस्ती थाना मैगलगंज जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया ।

2. थाना ईसानगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 280/22 धारा 379/411 भादवि में वांछित अभियुक्त संदीप पुत्र राजू निवासी महराजनगर थाना धौरहरा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया ।

अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही, विगत 24 घंटे में 80 लीटर अवैध शराब बरामद कर 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण व बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटे में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **80 लीटर अवैध** कच्ची शराब व **02** अवैध शराब भट्ठी बरामद कर **06 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **06 अभियोग** पंजीकृत किए गए।